संख्या : 4459/1–10–2011–33(342)/2011 टी0सी0

प्रेषक,

के0 के0 सिन्हा,
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बरेली।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊः दिनांकः22 दिसम्बर, 2011

विषयः जनपद बरेली के अंतर्गत वर्ष वित्तीय वर्ष 2010–11 की बाढ़ में देवहा बैगुल पोषक के कि0मी0 23.924 पर क्षतिग्रस्त साइफन की पुर्नस्थापना हेतु धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयुक्त बरेली मण्डल बरेली के पत्र संख्या–4417/टी0 ए0सी0/बाढ़ आपदा/रेस्टोरेशन/2010–10/बरेली, दिनांक 26.11.2011 जिसकी प्रतिलिपि आपको भी पृष्ठांकित है के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद बरेली के अंतर्गत वर्ष वित्तीय वर्ष 2010–11 की बाढ़ में देवहा बैगुल पोषक के कि0मी0 23.924 पर क्षतिग्रस्त साइफन की पुर्नस्थापना हेतु मांगी गयी धनराशि रू0 5,42,80,000/– के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि की रूप में रू0 2,71,40,000/–(रूपये दो करोड़ इकहत्तर लाख चालीस हजार मात्र ) नीचे उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

2 उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक ''2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–आयोजनेत्तर–05–आपदा राहत निधि–800–अन्य व्यय–03 –आपदा राहत निधि से व्यय–42–अन्य व्यय'' के नामे डाला जायेगा।

3. बाढ़ से तात्कालिक प्रकृति की अपरिहार्य परिस्थितियों वाले अर्ह एवं अनुमन्य श्रेणी की क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत मद में धनराशि निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही व्यय किया जायेगा । इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं अन्य सुसंगत नियमों/शासकीय निर्देशों के अधीन ही किया जायेगा। इस धनराशि का उपयोग अन्य किसी भी विभागीय कार्य हेतु कदापि न किया जाय। अग्रेतर यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा राहत निधि की धनराशि का व्यय केवल दैवी आपदाओं– अग्निकाण्ड, भूस्खलन, बादल फटने, हिम स्खलन, चक्रवात, सूखा, भूकम्प, बाढ़, ओलावृष्टि, कीट आक्रमण तथा सुनामी से प्रभावित व्यक्तियों को राहत सहायता प्रदान करने के निमित्त व्यय की जाय। सामान्य दुर्घटनाओं–सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना, दंगा फसाद, विद्युत आदि के कारण घटित घटनाओं के लिए इस धनराशि का उपयोग नहीं किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का व्यय शासनादेश संख्या–जी0आई0–134/1–11–2007 –46/97, दिनांक 31 जुलाई, 2007 एवं उसके साथ संलग्न भारत सरकार की गाइड लाइन्स में निर्धारित एवं अर्ह मानकों मदों एवं शासनदेश संख्या–2785/ 1–10–2011–12(73)/2008 दिनांक 14–10–2011 के अनुसार ही किया जायेगा।

5. वर्ष 2011–12 में बाढ़/बादल फटने से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत/रेस्टोरेशन की परियोजनाओं को 30 दिन व अधिकतम 45 दिन में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाय तथा नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र

7–वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5 ।

8–समीक्षा अधिकारी (लेखा), राजस्व अनुभाग–10 / राजस्व अनुभाग–6 / 11 / राहत वेबसाइट के उपयोगार्थ।

9–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(21) 22/12/11

( राजेन्द्र प्रसाद )

अनु सचिव।